पत्र-लेखन

12. अपनी बड़ी बहन को वायु सेना में अफ़सर बन जाने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

परीक्षा भवन,

नई दिल्ली।

दिनांक ....

आदरणीय दीदी,

सादर प्रणाम!

दीदी, कल ही आपका पत्र प्राप्त हुआ। पत्र को खोलते ही मुझे जो प्रसन्नता प्राप्त हुई, उसका वर्णन मैं शब्दों में नहीं कर सकता। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई है कि आप वायु सेना में अफ़सर के पद पर नियुक्त हो गई हैं। इस प्रकार आपका वह सपना पूरा हो गया है जो आप बचपन से देखती आ रही थीं। इस खुशी के अवसर पर मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूँ। साथ ही यह कामना करता हूँ कि आप अपने इस नए दायित्व को भली-भाँति निभाओ।

छुट्टियों में मैं घर आ रहा हूँ। मैं पुनः आपको बधाई देता हूँ। माताजी व पिताजी को चरण-स्पर्श और सोनू को प्यार।

आपका प्रिय भाई,

प्रकाश